Title: Need to lay rail line between Manmad (Maharashtra) and Indore (Gujarat) -Laid.

श्री रामदास रूपला गावीत (धुले): अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र धूले, महाराट्र आदिवासी क्षेत्र व काफी पिछड़ा हुआ है और इसका प्रमुख कारण यातायात की सुविधा न होना है। इस क्षेत्र में रेल सेवा पर्याप्त नहीं है, जिसके कारण यह क्षेत्र कृाि और औद्योगिक क्षेत्र में विशो प्रगति नहीं कर पाया है। मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता तथा मेरे द्वारा अनेक बार मनमाड-मानेगांव-धुले-शिरपुर-इंदौरा के लिए एक नई रेल लाईन बिछाये जाने की मांग की जाती रही है। लंबे समय बाद केवल अभी इस लाईन का सर्वे कार्य ही हो पाया है। इस नई रेल लाईन के बिछने से इस क्षेत्र का औद्योगिक विकास होगा। लोगों को यातायात की सुविधा होगी। साथ ही रेलवे की आय में भी वृद्धि होगी।

अतः मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहता हूं कि जनहित की मांग को ध्यान में रखते हुए अविलम्ब मनमाड-इन्दौर रेल लाइन बिछाने का कार्य शुरू कराने के आदेश प्रदान करें। यदि पूर्ण रेल लाईन के लिए बजट में राशि का प्रावधान होने में कठिनाई हो तो धुले-नरडाना तथा नरडाना-शिरपुर का चरण शुरू किया जाये उसके पश्चात शिरपुर-इन्दौर और मनमाड-धुले रेल लाइन के लिए आगामी बजट में राशि आबंटित किया जाये।